आवेदन प्राप्ति की
अन्तिम तिथि 27–03–2017

**भारतीय सर्वेक्षण विभाग**
**(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग)**

भारतीय सर्वेक्षण विभाग (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ) के नीचे वर्णित किये गये कार्यालय/जी0डी0सी0 में मोटर ड्राइवर–कम–मैकेनिक के 02 (दो) रिक्त पदों पर भर्ती के लिये भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों की भर्ती के लिये विवरण व शर्तें निम्नवत् है:–

1. **पद का नाम** – मोटर ड्राइवर–कम–मैकेनिक
2. **पदों की संख्या** – 02 (दो) कार्यालय का पता, रिक्तियों की स्थिति व आरक्षित पदों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :–

| क0 सं0 | कार्यालय का नाम पूरा पता सहित | रिक्त पदों का विवरण | | | | योग | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जनरल | एस0सी0 | एस0 टी0 | ओ0बी0सी0 | | |
| 1 | निदेशक, उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश भू–स्थानिक आंकडा केन्द्र, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, 17–ई0सी0 रोड, देहरादून– 248001(उत्तराखण्ड) | – | – | – | 1 | 1 | |
| 2 | निदेशक, ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा 17–ई0 सी0 रोड, देहरादून– 248001(उत्तराखण्ड) | 1 | – | – | – | 1 | |

3. **वेतनमानः**– Pay in Pay Matrix-Level 2- 19900-63200 एवं अन्य देय भत्ते ।
4. **अनिवार्य योग्यताएं:**–
   (i) दसवीं पास अथवा आई0टी0आई0 के समकक्ष ।
   (ii) हिन्दी/अंग्रेजी का ज्ञान ।

(iii) भारी एवं हल्के वाहनो (ट्रक, जीप एवं मोटर साईकिल इत्यादि) दोनो के लिए वैध ड्राइविंग लायसेंस जो कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए भी लागू हों तथा जिसमें कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न हो ।

(iv) वाहनों का दैनिक साप्ताहिक एवं अन्य प्रकार के रख-रखाव की सामान्य प्रक्रिया का अच्छा ज्ञान होना चाहिये । मोटर परिवहन वाहनों के पेट्रोल/डीजल इंजनों के विभिन्न कलपुर्जो, प्रकाश व्यवस्था, संस्पेशन और स्टीयरिंग सिस्टम, यांत्रिक संचरण पद्वति और हाइड्रोलिक ब्रेक पद्वति की खराबियों का पता लगाने तथा ठीक करने की योग्यता तथा स्नेहकों एवं उनके विशिष्ट प्रायोजनों का ज्ञान होना चाहिये ।

(v) फिटर के काम का पर्याप्त ज्ञान तथा मोटर मैकेनिक के कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिये।

5. **अन्य वांछित योग्यतायें:-**

(i) किसी वर्कशाप/गैराज में वाहन मरम्मत कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव ।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से आटोमोबाइल ट्रेड में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा।

6. **आयु:-** दिनांक 27-03-2017 को सामान्य जाति के लिये 18 से 27 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 18 से 32 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 18 से 30 वर्ष । केन्द्रीय सरकार के छँटनीकृत कर्मचारी, विभागीय कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक तथा अन्य अर्हक श्रेणियों के मामले में आयु की ऊपरी सीमा में नियमानुसार छूट देय होगी ।

7. **कार्य का स्थान:-** वाहन चालकों का कार्य क्षेत्र भारत के मैदानी एवम् पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं भी हो सकता है, जिसमें सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वेक्षण शिविरों में कार्य करना भी शामिल है। देहरादून, हैदराबाद एवं गांधीनगर कार्यालय हेतु चयनित उम्मीदवारों को आवश्यकता होने पर भारत में जहां कही भी सेवा के लिए आदेश दिये जायें सेवा करनी होगी, जिसमें चल सर्वेक्षण यूनिट में सक्रिय सैन्य सेवा भी सम्मिलित है।

8. **चयन की विधि:-**

(i) जिन अभ्यर्थियों की उक्त पद की चयन प्रक्रिया हेतु उपयुक्त (eligible) पाया जायेगा, उन्हें वाहन चालन एवं उसकी रखरखाव/मरम्मत के वास्तविक ज्ञान की परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा/कुशलता परीक्षण (Practical/Skill Test) हेतु बुलाया जाएगा ।

(ii) उपरोक्त वर्णित शर्तो को पूर्ण करने मात्र से ही आवेदक चयन प्रक्रिया में शामिल किये जाने का पात्र नही होगा । विज्ञापन एवं रोजगार कार्यालय से अत्यधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी को उचित मापदण्ड के आधार पर अभ्यर्थियों की संख्या को चयन प्रक्रिया हेतु सीमित करने का अधिकार होगा ।

(iii) लगभग दो दिन तक होने वाली चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को अपने रहने, भोजन आदि का प्रबन्ध स्वयं करना होगा । **चयन परीक्षा की तिथि अभ्यर्थी को सीधे ही सूचित की जायेगी ।**

(iv) भारत सरकार, कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के ओ. एम. सं.39020/01/2013-Estt.(बी) Part दिनांक 29-12-2015 के आदेशानुसार कोई साक्षात्कार नहीं होगा ।

9. **आवेदन की विधि:-**

इच्छुक अभ्यर्थी जो उपरोक्त शर्ते व मापदण्ड पूरी करते हों निर्धारित आवेदन पत्र पर कमांक 2 में वर्णित कार्यालय/जी.डी.सी. में किसी एक में आवेदन प्रेपित कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न होने चाहिए :-

(i) 10x22 सेमी का एक स्वंय का पता लिखा हुआ लिफाफा, जिस पर रू0 22/- का टिकट लगा हो ।

(ii) शैक्षिक योग्यता, वैध ड्राइविंग लायसेंस, जाति प्रमाण-पत्र, आयु के समर्थन में प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रतियां ।

(iii) वाहन चालक, वाहन मरम्मत कार्य में अनुभव प्रमाण पत्र एवम् आटोमोवाइल ट्रेड में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा की सत्यापित छाया प्रतियां, यदि अभ्यर्थी योग्यता रखता है ।

(iv) अभ्यर्थी का किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, जिनमें से एक आवेदन पत्र पर चिपका होना चाहिये ।

**केन्द्रीय/राज्य सरकार, प्राइवेट सेक्टर अंडरटेकिंग तथा स्वायत्त संस्थानो, जोकि भारत सरकार द्वारा फाइनेन्सड हों में कार्यरत अभ्यर्थी के मामले में अभ्यर्थी द्वारा विभागीय माध्यम से आवेदन प्रेषित किया जाना चाहिए । ऐसे मामले में अभ्यर्थी को नियोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।**

10. **अन्तिम तिथि:-**

आवेदन पत्र निर्धारित (नीचे दिये गए) प्रारूप में पूरी तरह से भरे हुए सम्बन्धित कार्यालय/जी.डी.सी. में दिनांक 27-03-2017 तक अवश्य पहुँच जाने चाहिये । अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**नोट:**

**अपूर्ण आवेदन पत्र व अपेक्षित कागजात की सत्यापित प्रतियां संलग्न न होने की दशा में आवेदन पत्र प्रारम्भिक स्तर पर ही निरस्त कर दिये जायेगें एवं इस विषय में कोई भी पत्राचार नहीं किया जायेगा ।**